तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 11 नवंबर 2024



12 नियमित समय पर नहीं खुल रही उचित मूल्य कि...





12 एसडीओपी के आश्वासन के बाद 60 घंटे से धरने पर...







## खबर संक्षेप



### खेती किसानी के कारण ही विधायक बनाः नेताम

**सरोना।** विधायक आशाराम नेताम का मानना है कि खेती ही हमारी असली पूंजी है। आज जहां हैं, वहां पहुंचने का श्रेय खेती किसानी को ही जाता है। उन्होंने अपनी मेहनत के बारे में बताते हुए कहा अगर अपने पिता के साथ हाथ खेती में नहीं बंटाया होता तो उनकी डांट भी मुझे सुननी पड़ती। इसलिए सुबह 6 बजे से खेतों में काम करता हूं और फिर विधानसभा क्षेत्र की सेवा में जुट जाता हूं। विधायक ने कहा कि जनता ने मुझे एक गरीब किसान के बेटे को विधायक बनाया है। उनकी समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं, इसलिए अपने क्षेत्रवासियों की सेवा में पूरी तरह से समर्पित हूं।

### लापरवाही के कारण चालक की हुई मौत



**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने विवेचना में पाया कि मृतक पीव्ही 23 लखनपुर निवासी 62 वर्षीय रमेश मण्डल पिता स्व. दुखीराम मण्डल 20 अगस्त को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सीके 7854 को स्वयं चलाते हुए पीव्ही 23 लखनपुर से पखांजूर जा रहा था। कृषि केन्द्र पीव्ही 23 लखनपुर मेनरोड में चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया व रोड में गिर गया। गिरने से सिर तथा हाथ में चोट आया था। परिजनों के द्वारा तत्काल इलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजूर लेकर गया। अस्पताल के चिकित्सक ने घायल का परीक्षण कर मौत होने की पुष्टि किया। पुलिस ने मृतक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### 13 से 16 नवम्बर तक होगा बस्तर ओलंपिक

**दुर्गुकोंदल।** बस्तर ओलंपिक का आयोजन विकासखंड दुर्गूकोदल में 13 नवम्बर से प्रारंभ हो रहा है। आयोजन 16 नवंबर तक चलेगा। जनपद सीईओ ने बताया कि विकासखंड स्तर पर प्रत्येक पंचायत के खिलाड़ी जिन्होंने अपना पंजीयन कराया है, वे शामिल हो सकेंगे। विकासखंड स्तर पर प्रत्येक 10 से 12 पंचायतों का समूह बनाकर प्रतिदिन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 से 12 पंचायत में जो खिलाड़ी विजेता अथवा प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे। वह अगले राउंड में प्रवेश करेंगे, जो सेमीफाइनल राउंड होगा। फाइनल के विजेता अपने विकासखंड से जिला स्तर पर भाग लेंगे।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग हुआ कायम

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 70 शांतीनगर निवासी 30 वर्षीय चैतन्य मंडल पिता स्व. सुमीत मंडल का इलाज के दौरान सीएचसी पखांजुर में 11 अक्टूबर को मौत हो गई। पखांजुर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी परतापुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### परेकोडो में आज जनसमस्या निवारण शिविर

**दुर्गुकोंदल।** विकास खण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत पर्रेकोड़ो में आज 11 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर ढाई बजे तक जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में ग्राम पंचायत कलगपुरी, सिवनी, तराईघोटिया, तरहुल, हाटकोंदल, भीरावाही, पर्रेकोड़ो, झिटकाटोला के ग्रामीण शामिल होंगे।

---

विड़बना: ग्रामीणों को आवेदन देते देते बुढ़ापा आ गया, परंतु नहीं बन पाई सड़क

# 2 किमी सड़क बनाने 20 साल से ग्रामीण लगा रहे है गुहार, अफसरों व नेताओं ने नहीं ली सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नरहरपुर और चारामा के अधिकारियों की लापरवाही के कारण नहीं बन पाई सड़क

थानाबोड़ी से टिकरापारा की लगभग 2 किमी की सड़क को बनाने के लिए दोनो गाँव और आसपास के एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीण 20 सालों से सड़क बनाने को लेकर अफसरों व नेताओं से गुहार लगा चुके है, परंतु आज तक न तो किसी अफसर की और न ही किसी सांसद व विधायक की आत्मा जागी। अफसर और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के कारण आज तक सड़क नहीं बन पाई। विधायक व सांसद के साथ-साथ जिले के अफसर भी नए है, शायद इस समाचार के प्रकाशन के बाद सुध लेकर इस सड़क को बनाने के लिए कौन सामने आता है।यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत थानाबोड़ी और चारामा





विकासखंड के ग्राम पंचायत रानीडोंगरी के आश्रित ग्राम टिकरापारा के मध्य लगभग 2 किमी. की डब्ल्यूबीएम सड़क बनी है। इस सड़क को डब्ल्यूबीएम कौन बनाया, यह ग्रामीण नहीं जानते। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क के आसपास एक दर्जन गाँव है, जो इस सड़क में आना जाना करते है। बारिश में इस सड़क में चलना मुश्किल हो जाता है और अन्य समय में इतने बड़े बड़े गड्ढे रहते है कि उनमें गिरने का डर सदैव सताता रहता है। इन गड्ढो में गिरकर गाँव के कई लोग दुर्घटना के शिकार भी हो चुके है। ग्रामीण बारिश के बाद श्रमदान करते हुए गड्ढो को मिट्टी से भरते रहते हैं। आधी सड़क चारामा और आधी सड़क नरहरपुर विकासखंड में आती है, इसलिए लोक निर्माण विभाग नरहरपुर और चारामा के अधिकारी एक दूसरे पर ठीकरा फोड़कर छोड़ देते है। उसी का परिणाम है कि इस सड़क का आज तक किसी ने इस्टीमेट नहीं बनाया। उसी के चलते सड़क आज तक नहीं बन पाई। ग्रामीणों ने अधिकारियों को कई बार अवगत कराया, परंतु दोनो विकासखंड के एक भी अधिकारी ने इस सड़क को बनाने के लिए आज तक गंभीरता नहीं दिखाया।

### जनप्रतिनिधियों ने नहीं ली सुध

कांकेर और भानुप्रतापपुर के तत्कालीन विधायक और कांकेर के सांसद को इस सड़क को लेकर गाँव के लोगों ने एक नहीं सैकड़ो बार लिखित में आवेदन दिया और गाँव आएं, तब भी बताया गया। कई बार लिखित में अवगत कराया, उसके बाद भी जनप्रतिनिधियों ने सुध नहीं लिया। तत्कालीन जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के कारण सड़क नहीं बनी, इसीलिए उनको एक बार से दोबारा जनप्रतिनिधि बनने का मौका भी नहीं मिलता। इसके अलावा ग्रामीणों ने इन इलाके में होने वाले जन समस्या निवारण शिविर में भी कई बार अफसरों को अवगत कराया गया। बीस साल से हजारों बार आवेदन दिया जा चुका है, परंतु आज तक सुध नहीं लिया गया।

### ग्राम पटेल ने बताई अपनी दिल की बात

थानाबोड़ी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने हरिभूमि के जिला प्रतिनिधि पहुँचे, उसी दौरान उस कार्यक्रम में थानाबोड़ी के ग्राम पटेल विजय जैन भी पहुँचे थे। उन्होने बताया कि थानाबोड़ी से टिकरापारा की सड़क के लिए 20 साल से प्रयास कर रहे है, परंतु आज तक सड़क नहीं बन पाई। आवेदन देते-देते बुढ़ापा आ गया, परंतु किसी की आत्मा आज तक इस सड़क को बनाने के लिए नहीं जागी। पता नहीं कब यह सड़क बन पाएगी। हरिभूमि के जिला प्रतिनिधि से कहा कि आप ऐसा लिखों, जिससे यह बात प्रदेश के मुखिया के कान तक पहुँच जाएं और उनकी आत्मा इस सड़क को बनाने के लिए जाग जाए।

---

# पुलिया से गिरी बाइक दो सवार की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कढ़ईखोदरा पुलिया से नीचे गिरी बाइक
- खबर लगते ही पूरे गाँव का माहौल हुआ गमगीन

अंतागढ़ थानांतर्गत कढ़ईखोदरा पुलिया के मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत हो गई। दोनों युवक देर शाम 7 बजे निकले थे। अगले दिन सुबह तक नहीं आने पर खोजबीन में उनका शव पुलिया के नीचे पड़ा मिला। पुलिस ने शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा और उसके उपरांत मामला दर्ज किया गया। मौत की खबर मिलने पर पूरे गाँव का माहौल गमगीन हो गया।

अंतागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक तहकाल निवासी 32 वर्षीय कमलेश बघेल पिता उदेसिंह अपने दोस्त हेमलाल उर्फ पिंटू दुग्गा के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजे 3190 से 8 नवंबर की शाम 7 बजे कढ़ईखोदरा से आगे जा रहे थे। दोनो युवक कहाँ जा रहे थे, उसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। दोनो युवक 8 नवंबर की सायं 7 बजे



से लेकर 9 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे के बीच ग्राम कढ़ाईखोदरा पुलिया मोड़ के पास वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया था, जिससे दोनो युवक बाइक सहित पुलिया के नीचे गिर गए। रात को नहीं आने पर युवकों के परिजनों ने पतासाजी किया और उनको सुबह साढ़े 10 बजे पता चला कि दोनों का शव कढ़ईखोदरा पुलिया के नीचे नाली के अंदर रोड से करीबन 15-20 फीट नीचे गिरा हुआ था। खबर की जानकारी पुलिस को दिया गया और शव को पुलिया के नीचे से निकाला गया, उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस की मानें एक्सीडेंट रात को हुआ है ▶▶| शेष पेज 10 पर

---

# धान खरीदी शुरू होगी 14 नवंबर से खरीदी प्रक्रिया में कई सख्त प्रावधान जोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बोगस खरीदी पर अंकुश लगाने के लिए नए प्रावधान

धान की खरीदी 14 नवंबर से शुरू होने जा रही है, लेकिन इस बार खरीदी प्रक्रिया में कई सख्त प्रावधान जोड़े गए हैं। सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बोगस खरीदी और उठाव पर रोक लगाने के लिए नई नीति बनाई है, जिसके तहत कलेक्टर ने जिले के 90 खरीदी केंद्रों को निर्देश जारी किए हैं। इस बार टोकन व्यवस्था, निगरानी कैमरों और ई-सत्यापन का सख्ती से पालन कराया जाएगा ताकि अवैध गतिविधियों पर रोक लग सके।

जिले के तहसीलों में धान का औसत उत्पादन प्रति एकड़ 10 से 12 क्विंटल है, लेकिन इसके बावजूद 21 क्विंटल तक की खरीदी हो रही है। इस अंतर को भरने के लिए कई किसान जिले की सीमा से लगे दूसरे राज्य व जिलों के धान पर निर्भर हैं, जिसके चलते बोगस खरीदी की शिकायतें बढ़ेगी। अब इस समस्या पर काबू पाने के लिए सरकार ने बोगस खरीदी के खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं। अब नए प्रावधानों



### खरीदी केंद्रों की निगरानी कैमरे से होगी

इस बार खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए सभी खरीदी केंद्रों से लेकर मिलों तक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इन कैमरों का लाइव फीड कलेक्टोरेट के मुख्य सर्वर से जोड़ा गया है, जिससे कलेक्टर सभी केंद्रों पर निगरानी रख सकेंगे। कैमरों के जरिए प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी अनियमितता न हो और यदि किसी प्रकार की शिकायत आती है तो उसका तत्काल सत्यापन किया जा सके।

### गिरदावरी का होगा ई-सत्यापन

धान की खरीदी को सुनिश्चित करने के लिए गिरदावरी का ई-सत्यापन भी अनिवार्य किया गया है। इससे किसानों की जमीन और उत्पादन की वास्तविकता को ट्रैक किया जा सकेगा। ई-सत्यापन प्रक्रिया किसानों डी के रिकॉर्ड को डिजिटल बनाएगी और खरीदी में पारदर्शिता बढ़ाएगी।

के तहत किसानों को एक सप्ताह पहले से टोकन कटवाना अनिवार्य होगा। छोटे किसानों को दो और बड़े किसानों को तीन टोकन ही जारी किए जाएंगे और यदि कोई किसान टोकन निरस्त कराता है, तो उसे पुनः टोकन जारी नहीं किया जाएगा। इससे बोगस उठाव और जुगाड़ की प्रक्रिया पर रोक लगेगी। खरीदी के साथ-साथ धान के उठाव पर भी सख्त निगरानी रखी जाएगी। यह पाया गया था कि धान के उठाव के बाद कुछ मिलरों का धान पुनः समिति में आकर रिसाइक्लिंग से गड़बड़ियां कर रहा था। ऐसे में इस बार पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखने के लिए खरीदी केंद्रों से लेकर राइस मिल तक कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे सभी गतिविधियों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग हो सकेगी।

---




# बस चालक की लापरवाही से यात्री को आई चोट

- यात्री ने थाने में की शिकायत

**कांकेर।** थानांतर्गत मुड़पार पुलिया के पास बस चालक बस को लापरवाही ढंग से चलाते हुए बस को तेज गति से चला रहा था। जिसके कारण बस के स्लीपर में बैठा यात्री उछल गया व टकराने से उसको चोट आई है। घायल हुए यात्री ने कांकेर थाना में बस चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे कोण्डागांव जिला के केशकाल थानांतर्गत सुभाष चौक निवासी 42 वर्षीय अमीन रिजवी पिता अब्दुल अजीज ने पुलिस को बताया कि 10 नवंबर को मै सवारी बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0287 में सवार होकर केशकाल से पुरूर जा रहा था। केशकाल घाट में रोड मरम्मत का कार्य होने से बस डायवर्ट रूट विश्रामपुरी से दुधावा होते हुए कांकेर की ओर आ रही थी। सुबह करीबन 11 बजे बस चालक द्वारा मुड़पार पुल के पास बस को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चला रहा था। बस की गति तेज होने के कारण बस उछल रही था। बस के स्लीपर सीट में था। बस जोर से उछलने के कारण स्लीपर सीट से ठोकर लगने से मेरे सिर में चोंट आया व खून निकलने लगा। सवारियों ने बस चालक को बोला था कि ▶▶| शेष पेज 10 पर

---

# राष्ट्र की सेवा हम तभी अच्छे से कर सकते हैं जब हम बुराइयों से बचकर अंदर से सशक्त हों




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

ठाकुर भावसिंह कला एवं विज्ञान महाविद्यालय नरहरपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत थानाबोड़ी के उमावि विद्यालय परिसर में किया गया है। शिविर के पांचवें दिन बौद्विक चर्चा में ब्रम्हाकुमारीज विश्व आध्यात्मिक संगठन की कांकेर जिला की प्रमुख बीके रमा दीदी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही।

मुख्य वक्ता ब्रम्हाकुमारीज विश्व आध्यात्मिक संगठन की कांकेर जिला की प्रमुख बीके रामा दीदी ने कहा कि तन के साथ मन को कैसे सदा स्वस्थ रखें और मन बीमार क्यों होता है विस्तार से बताया। उन्होंने का राष्ट्र की सेवा हम तभी अच्छे से कर सकते है। जब हम स्वयं को बुराइयों से बचाकर अंदर से सशक्त होंगे। इसके आध्यात्मिकता से अर्थात ईश्वर से जुड़ना होगा एवं उनके सानिध्य से ध्यान से हमारे विचार शुद्ध पवित्र होंगे और जब विचार अर्थात संकल्प शुद्ध श्रेष्ठ होंगे, तभी हमारे कर्म अच्छे होंगे। सभी को उनके द्वारा मन को एकाग्र शांत करने के लिए कुछ मिनट मेडिटेशन कराया। स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए नरहरपुर के चिकित्सा अधिकारी डॉ पीके सिंह, डॉ मंडावी और उनकी टीम उपस्थित रही। सभी चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को बीमारियों से बचने तथा सदा स्वस्थ रहने के उपाय बताए और नेत्र दान, देहदान की सेवा की जानकारी दी। मंचासीन अतिथि व्हीके साहू व्याख्याता लखनपुरी, काशीराम जैन, भूपेश सिंह जिला संयोजक हिन्दू जागरण, कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मण शुक्ला, प्राचार्य महाविद्यालय नरहरपुर ने भी अपने ऊर्जावान सशक्त विचारों से सभी को लाभान्वित किया।

### युवाओं को कर रहे लाभांवित

सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रतिदिन समाज के हर वर्ग के विशिष्ट लोगों को अतिथि के रुप में आमंत्रित कर उनके प्रेरण दाई विचारों के उद्बोधन और अनुभवों द्वारा एनएसएस के युवा वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर कार्यक्रम सहयोगी रेहाना शेख़, साथी बहन बीके आधन बहन, ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

एकादशी तिथि के दिन तुलसी विवाह करवाने के लिए दो घंटे का है शुभ मुर्हूत

# देवउठनी एकादशी में बन रहे तीन शुभ योग कल योगनिद्रा से जागेंगे विष्णु भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। इस साल 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा। इस दिन हर्षण योग, शिववास योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है।

कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी 12 नवंबर को है। एकादशी तिथि 11 नवंबर को संध्याकाल 6 बजकर 46 मिनट पर शुरू होगी और 12 नवंबर को संध्याकाल 4 बजकर 4 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। अतः 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। एकादशी व्रत का पारण 13 नवंबर को सुबह 06 बजकर 42 मिनट से लेकर 8 बजकर 51 मिनट के मध्य पारण कर सकते हैं।

हिंदू धर्म में देवउठनी एकादशी को बेहद खास माना जाता है, क्योंकि इस दिन भगवान विष्णु चार माह के लंबे योग निद्रा से जागते हैं। भगवान विष्णु के योग निद्रा से जागने के बाद एक बार फिर शादी विवाह, सगाई व मुंडन जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। इसे देवोत्थान और देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है।




### तीन योग का हो रहा निर्माण

एकादशी तिथि को हर्षण योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का समापन संध्याकाल 07 बजकर 10 मिनट पर होगा। संध्याकाल में शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का संयोग संध्याकाल 04 बजकर 05 मिनट से बन रहा है। उत्तर भाद्रपद नक्षत्र का संयोग बन रहा है। साथ ही बव करण का भी निर्माण हो रहा है। ज्योतिष दोनों योग को शुभ मानते हैं। इन योग में लक्ष्मी नारायण भगवान की पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होगी, साथ ही जीवन में व्याप्त दुखों का नाश होगा।

### तुलसी विवाह का है प्रावधान

मान्यता है कि एकादशी के दिन माता तुलसी और शालिग्राम की पूजा करने से वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। धार्मिक ग्रंथों में तुलसी विवाह के पर्व को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। कहते हैं कि इस दिन तुलसी विवाह करवाने से साधक को कन्यादान के समान फल की प्राप्ति होती है। इस दौरान कुछ चीजों का दान करने से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं। ज्योतिष गणना के आधार पर एकादशी तिथि के दिन तुलसी विवाह का शुभ समय शाम 5 बजकर 29 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

---

# जादूटोना की बात को लेकर युवक ने भाई और भाभी से की मारपीट

- पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत कोदापाखा में आरोपी युवक ने अपनी भैया व भाभी को जादू टोना करने के नाम पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का मुक्की किया। महिला ने थाना में आरोपी देवर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। थाना में शिकायत करने पहुंची कोदापाखा निवासी 30 वर्षीय अनिता पुड़ो पति भीरूराम पुड़ो ने पुलिस को बताया कि 1 नवंबर की रात 8 बजें मेरा देवर बीरसाय पुड़ो पिता चैतुराम पुड़ो शराब के नशे में बिना किसी वजह के मुझे कहने लगा कि तू जादू करती है। तुम्हारे वजह से मेरा बच्चा बीमार रहता कहते हुए मुझे गाली देने लगा। मेरे पति भीरूराम पुड़ो ने मना किया तो उसको भी गाली दिया। देवर ने जान से मारने की धमकी देते हुए हम दोनो पति-पत्नी के साथ धक्का मुक्की किया। धक्का मुक्की करने से मेरी साड़ी भी फट गई और मेरे पति भीरूराम पुड़ो के गले में खरोंच भी आ गई। आरोपी द्वारा इसके पहले भी मुझे और मेरे पति को जादू टोना करते हो कहकर प्रताड़ित करते हुए जान से मारने की धमकी दिया दे चुका है। देवर ▶▶| शेष पेज 10 पर


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### आंवला नवमी पर एनएसएस इकाई जैतपुरी ने चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी द्वारा 10 नवंबर को आंवला नवमी के पावन अवसर पर प्राचार्य राज कुमार रामटेके के मार्गदर्शन में भारत सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाते हुए अनावश्यक उग आए खरपतवार, प्लास्टिक के कचरे, डिस्पोजल, रैपर, की साफ सफाई कर विद्यालय प्रांगण एवं जैतपुरी गिरोला पहुंच मार्ग के किनारे साफ सफाई की गई। साथ ही बाउंड्री वाल का सुधार कार्य किया गया। कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी ने आंवला नवमी के अवसर पर औषधीय पौधों की उपयोगिता एवं आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आयुर्वेद की जीवन में महत्व से परिचय कराया सभी स्वयंसेवको ने भारत की प्राचीन चिकित्सा आयुर्वेद में प्रकृति में पाए जाने वाले औषधि पौधों आंवला, जामुन आदि, जिसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है एवं जंगलों में भी उपलब्ध होता है । आंवला औषधि एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला सभी स्वयंसेवकों ने एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत औषधीय पौधों का रोपण करने एवं उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। साथ ही सात दिवसीय विशेष शिविर की दिनचर्या पर विस्तृत चर्चा कर जिम्मेदारी बाँटी गई। नियमित गतिविधि के अंतर्गत किए गए। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्रये स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### आज आधुनिकता तथा परंपरा के बीच समन्वय बनाए रखने की जरूरत

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की रासेयो इकाई 1 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भैंसमुंडी में जारी है। चतुर्थ दिवस गुरुवार को 'भारत के लिए युवा' विषय पर बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। वक्ता ठाकुर राम स्वयंसेवक एवं पूर्व सैनिक कुलेश्वर प्रसाद साहू थे। ठाकुरराम ने अपने वक्तव्य में भारतीय संस्कृति के समृद्ध इतिहास को जानने एवं आधुनिकता तथा परंपरा के बीच समन्वय बनाए रखने की बात कही। पूर्व सैनिक कुलेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि देश की सेवा करने के लिये केवल बार्डर पर जाना ही जरूरी नहीं है । हम कहीं भी रहकर ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करके देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने एक कहानी के माध्यम से नवम्बर 1962 के भारत चीन युद्ध की घटना का सजीव चित्रण करते हुए शहीद मेजर शैतान सिंह की बहादुरी एवं वीरता के बारे में स्वयंसेवकों को बताया । उन्होंने माखन लाल चतुर्वेदी की कविता पुष्प की अभिलाषा का पाठ करते हुए देश के सिपाहियों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। मौके पर पूर्व सैनिक रूपेंद्र साहू, उत्तम साहू , सोमप्रकाश निषाद, कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### कल्याण सिंह निषाद



**धनोरा।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व निषाद समाज के प्रमुख कल्याण सिंह निषाद निवासी बेड़मा को इलाज के लिए रायपुर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रायपुर में आज सुबह करीब 4.05 बजे निधन हो गया है। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, बीजेपी जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, वरिष्ठ नेता प्रवीर सिंह बंदेशा, तरुण साना,आकाश मेहता, संतोष कटारिया मंडल अध्यक्ष नवदीप सोनी, राजकिशोर राठी भुपेश चंद्राकर रमेश यादव, धरम सिंह राणा, श्रवण दीपक व समस्त भाजपाइयों ने संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में धान खरीदी और जल जीवन मिशन की योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन की सुनिश्चितता के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया। कोंडागांव कलेक्टर ने ग्राम लंजोड़ा, जुगानी कलार, बोरगांव, बड़ेडोंगर, आलोर में स्थित धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने किसानों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने सीसीटीवी, विद्युत व्यवस्था, इनवर्टर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा बाट और मॉइस्चर मीटर जैसी जरूरी सुविधाओं की तैयारियों पर विशेष ध्यान देते हुए, सहकारिता निरीक्षक को निर्देश दिए। इस दौरे के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना की प्रगति का जायजा लेने के लिए, ग्राम सिरपुर, पतौड़ा, बेलगांव और गोड़मा का दौरा किया। उन्होंने जल आपूर्ति के लिए स्थापित टंकी, नल कनेक्शन और पाइपलाइन की गुणवत्ता और व्यवस्था को लेकर तकनीकी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा कर जल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी भी ली। सभी संबंधित अधिकारियों को 20 नवंबर तक सभी बचे हुए कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए ताकि सभी घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

**जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की**



#### बोरगांव धान खरीद केंद्र पर गिरी गाज

कलेक्टर ने बोरगांव केंद्र पर अव्यवस्थाओं को देखते हुए नाराजगी व्यक्त की और लापरवाही बरतने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर को तुरंत हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि धान खरीदी का कार्य राज्य शासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, उन्होंने बारदाने को सुरक्षित रखने और किसानों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

**पहल : जिला प्रशासन का स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का अभिनव प्रयास**

# 'ड्रोन' जिला अस्पताल से दवा किट लेकर गया मर्दापाल और ब्लड का सैंपल ले कर 20 मिनट में आ गया वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले के सुदूर और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए ड्रोन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया है। विधायक सुश्री लता उसेंडी और कलेक्टर कुणाल दुदावत की उपस्थिति में एक डेमो ट्रायल आयोजित किया गया। इस ट्रायल में जिला अस्पताल कोंडागांव से 30 किलोमीटर दूर मर्दापाल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक हेल्थ केयर ड्रोन के माध्यम से मेडिकल किट पहुंचाई गई। हेल्थ केयर ड्रोन यह ट्रायल बेहद सफल रहा, जहां ड्रोन ने 30 किलोमीटर की दूरी को केवल 20 मिनट में पूरा कर मर्दापाल के उप स्वास्थ्य केंद्र तक जरूरी दवाइयां और मेडिकल किट पहुंचाई। इसी के साथ ड्रोन ने मर्दापाल से रक्त के नमूने भी एकत्रित किए और उन्हें वापस जिला अस्पताल पहुंचाया। इस प्रक्रिया ने न केवल आपातकालीन चिकित्सा सेवा को त्वरित और प्रभावी बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है बल्कि दूरदराज के क्षेत्रें में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए नई संभावनाओं को जन्म दिया है।

■ ड्रोन तकनीक से दुर्गम क्षेत्रों तक आसानी पहुंचाई जा सकेगी मदद

मर्दापाल और अन्य दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने में अक्सर सड़क परिवहन की चुनौतियां आती हैं। जिससे मरीजों की जान को खतरा हो सकता है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने ड्रोन तकनीक का उपयोग शुरू करने का निर्णय लिया। इस पहल से अब आदिवासी क्षेत्रों में भी समय पर चिकित्सा सामग्री, दवाइयां, और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इसके साथ ही रक्त सैंपल और अन्य चिकित्सकीय सामग्री के त्वरित आवागमन की भी व्यवस्था हो सकेगी।

#### स्टार्टअप कंपनी का मिला सहयोग

ड्रोन ट्रायल को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप कंपनी रेडविंग का विशेष योगदान रहा। रेडविंग ने इस अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का विकास किया है। जो स्वास्थ्य सामग्री को कम समय में दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचाने में सक्षम है। इस अवसर पर विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा, जिले के सुदूर क्षेत्रों में ड्रोन सेवा के माध्यम से हम स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में तेजी ला सकते हैं। जिससे जनजातीय क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकेगी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जकसेतु उसेंडी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, कोंडागांव तहसीलदार सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# शिक्षक पांच सूत्रीय मांगों के लिए आज सौंपेंगे ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में कोंडागांव जिले के सभी विकासखंडों के शिक्षक अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद हो गए हैं। मोर्चा के जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह ने जानकारी दी कि प्रदेश के एलबी संवर्ग के शिक्षक 11 नवंबर को कोंडागांव, फरसगांव, माकड़ी, बड़ेराजपुर और केशकाल विकासखंडों में अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार और विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। शिक्षकों की प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगतियों को दूर करना, एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत, समयमान वेतनमान देना, समतुल्य वेतन में 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण, पूर्ण पेंशन का प्रावधान, और लंबित महंगाई एरियर्स का भुगतान शामिल हैं। शिक्षकों का कहना है कि यदि ये मांगे पूरी नहीं हुईं तो उन्हें मजबूरन आगे की रणनीति बनानी पड़ेगी।

#### विकासखंडवार प्रभारी नियुक्त

शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने ज्ञापन सौंपने के लिए विकासखंडवार प्रभारी नियुक्त किए हैं। कोंडागांव विकासखंड में चन्द्रकांत ठाकुर, अरूण दीवान, मन्नाराम नेताम और मदन राठौर, फरसगांव में शेषनाथ पाण्डेय, सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सुकूराम नेताम और महेंद्र पटेल, बड़ेराजपुर में अखिलेश राय, शंकरलाल नेताम, डूमनलाल मरकाम और मानसाय मरकाम, माकड़ी में चन्द्रकांत जैन, रमेश प्रधान और महेंद्र नेताम तथा केशकाल में सदाराम चतुर्वेदानी, रामसिंह मरापी और देवेन्द्र कुपाल प्रभारी बनाए गए हैं।

# विधिक सेवा दिवस पर छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



विधिक सेवा दिवस के अवसर पर आज कोण्डागांव में आदर्श पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रवास और कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रओं को कानूनी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव के मार्गदर्शन में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप के निर्देशन में शिविर आयोजित हुआ।

#### न्याय पाने का अधिकार सभी को: सुरेंद्र

जिसमें सचिव सुश्री गायत्री साय और अधिवक्ता सुरेंद्र भट्ट ने छात्राओं को विभिन्न कानूनी पहलुओं से अवगत कराया। शिविर के दौरान, सुश्री गायत्री साय ने बताया कि विधिक सेवा दिवस का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से कमजोर और हाशिए पर रहने वाले लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यह दिन समाज के वंचित वर्ग को न्याय और विधिक सहायता सुलभ कराने की दिशा में समर्पित है। सुरेंद्र भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि का हो, न्याय पाने का अधिकार रखता है। उन्होंने छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटर यान अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, और भारतीय संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और सालसा द्वारा संचालित पहचान अभियान के बारे में भी अवगत कराया। इस कार्यक्रम में छात्रोंओं को बताया गया कि किस प्रकार वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती हैं और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

**ये रहे उपस्थित:** शिविर के दौरान आदर्श पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती मधुबाला शिल और कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका श्रीमती रागिनी मरकाम सहित अन्य स्टाफ सदस्य एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# उमेश्वरी का अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव की एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी उमेश्वरी शार्दुल का चयन अंतर–विश्वविद्यालय कबड्डी महिला प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उमेश्वरी इस प्रतियोगिता में शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 11 से 12 नवंबर तक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित होगी। जिसमें पूर्वी क्षेत्र के सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता से पहले, बस्तर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उमेश्वरी को विशेष तैयारी कराई जाएगी। महाविद्यालय के खेल अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि महाविद्यालय में फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो–खो, क्रिकेट, एथलेटिक्स, और बास्केटबॉल जैसे खेलों का नियमित अभ्यास किया जाता है। इस कड़ी मेहनत और समर्पण का नतीजा है कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं खेलों में लगातार उभर कर सामने आ रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल सहित सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने उमेश्वरी को इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उमेश्वरी से उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा जताई है ताकि वह अपने महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित कर सकें।



■ बस्तर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर लगेगा

# बालक- बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार, जोखिमपूर्ण कार्यों में नहीं रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर




जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव उत्तरा कुमार कश्यप, सुश्री गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के आदेश अनुसार शासकीय माध्यमिक शाला धनोरा नारायणपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकार मौलिक कर्तव्य, निशुल्क अनिवार्य शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष के बालक को बालिकाओं अनुच्छेद 21 (क) शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है, बाल विवाह प्रतिषेध, अधिनियम के अंतर्गत लड़की की उम्र 18 वर्ष लड़का का उम्र 21 वर्ष होना चाहिए । बाल श्रम अनुच्छेद 24 के अंतर्गत 14 वर्ष तक बालको से जोखिमपूर्ण कार्य में नहीं रखा जाना चाहिए । हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत पुत्र व पुत्री का पैतृक संपत्ति में बराबर का अधिकार है। बच्चों को गुड टच बेड टच , 9 नवंबर 1995 को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 को पूरे भारतवर्ष में लागू किया जिसमें धारा 12 के अंतर्गत निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के सदस्य स्त्री बच्चे अभी रक्षा में रहने वाले व्यक्ति अन्य सदस्य में 150,000 रुपए आमदनी वाले निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त और सक्षम विधिक सेवाएं दी जाती है । विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

■ विधिक सेवा प्राधिकरण का जागरुकता कार्यक्रम

#### न्याय दिलाना मकसद

विधिक सेवा प्राधिकरण का मकसद सभी को न्याय दिलाना होता है। विधिक अधिकारों और सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विधिक साक्षरता शिविर आयोजन किए जाते हैं। नालसा के संबंध में बताया गया। अधिकार मित्र पी.एल.वी.प्रतिमा दोदी , अधीक्षका अधिकार मित्र श्रीमती सनमंती नाग, अधिकार मित्र सुश्री प्रीति तारम , अधिकार मित्र ओम प्रकाश आर्य व छात्राएं उपस्थित रहीं।

# साहित्यकारों की कविताओं का श्रोताओं ने उठाया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




साहित्य एवं कला समाज ने साहित्यकारों का दीवाली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें साहित्यकारों की कविताओं का श्रोताओं ने खूब आनंद उठाया।

■ साहित्य एवं कला समाज ने आयोजित किया दीपावली मिलन

मीन पियासी बीच समंदर, घर बारे भये बेघर, घुसि घुसि आवयं लोग विदेसी, द्वार तोरि सब अंदर! ये गहरी पंक्तियां उत्तराखंण्ड से आये प्रसिद्व कवि डॉ कौशलेन्द्र ने अपने काव्यपाठ में कहीं। विदेशी घुसपैठियों से त्रस्त देश की पीड़ा की सचित्र अभिव्यक्त करती हैं। क्षेत्र के नामचीन साहित्यकारों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम गरीमामय बना दिया और कार्यक्रम साहित्य के चरमोत्कर्ष को प्राप्त हुआ। एक से एक मनभावन रचनाओं ने शाम को रंगीन बना दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये साहित्य एवं कला समाज के अध्यक्ष सनत सागर ने प्रेम की नवीनतम विकृति पर प्रहार हुये उन पापियों पर प्रश्न उठाया। प्रेम की ये कैसी परिभाषा हम तो पूछेंगे,भोले भाले मन को है झांसा हम तो पूछेंगे पैंतीस पैंतीस टुकड़ों में बांट दिया उसकोमन में है किसकी अभिलाषा हम तो पूछेंगे। युवा गजलकार कृष्ण शरण पटेल ने अपनी गलजों का सस्वर पाठ कर मन मोह लिया। हमपे तुम्हारा होगा असर, थोड़ी दूर साथ चलो गमों से हो जायेंगे बेखबर, थोड़ी दूर साथ चलो। डालेश्वरी पाण्डे महंगाई और बेटियों की व्यथा पर धीर गंभीर रचना का सस्वर पाठ कर वातावरण द्रवित कर दिया। नारी तेरी कथा कहूं क्या, चीरहरण की व्यथा कहूं क्या!गीत गजलों में समान रूप से पकड़ रखने वाली स्मृति मिश्रा ने वर्तमान राजनीति पर प्रहार किया और कहा-आप की बात अब बेअसर हो गयी, बेवजह की सियासत नहीं चाहिये।

हिन्दी और हल्बी-भतरी भाषा के कवि नरेन्द्र पाढ़ी ने अपनी कविता में दशहरा पर्व की भीड़ भाड़ का चित्र खिंचा और कहा- दसराहा भाटा ने गांव कारी, धांगड़ा धांगड़ी चो मया। युर्वा लोककवि लोक कलाकार भरत कुमार गंगादित्य ने दीपावली पर अपने संदेश में कहा- दीप जले हैं द्वारे द्वारे, जगमग जगमग सुंदर दिखते हैं प्रसन्न वे मुस्कुरा रहे, और भला क्या हमसे कहते। अंचल के साहित्यकार अवधकिशोर शर्मा ने अपनी गहरी पंक्तियों से दीपावली पर संदेश दिया। मैं अंतःकरण के आंगन में हर दिनबीज रोशनी का बोता मैं स्वयं प्रकाशित होता हूं मैं स्वयं प्रकाशित होता हूं।

### लोक अदालत 14 दिसंबर को

**जगदलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में 14 दिसम्बर को शहर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, व्यवहार वाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण, धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम विवाद के प्रकरण एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण के साथ-साथ राशि वसूली से संबंधित विवाद पूर्व प्रकरण (प्री-लिटिगेशन) का निराकरण किया जाना है। अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले के सभी प्रमुख बैंकों, बीएसएनएल, नगरनिगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक गुरूवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित मध्यस्थता कक्ष में की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंकिता कश्यप ने बताया कि आयोजित नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता एवं राजीनामा के आधार पर उनके मध्य उत्पन्न विवादों का समाधान किया जाएगा।

### शहर धर्मनगरी के रूप में विकसित हो रही

**जगदलपुर।** यादव समाज द्वारा आज दीपावली मिलन एवं गोपाष्टमी का कार्यक्रम श्रीकृष्ण मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज प्रमुख, वरिष्ठजन, युवावर्ग, मातृशक्ति शामिल हुए। इस दौरान निगम सभापति नरसिंह राव एवं वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र पांडेय एवं समाज के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। नरसिंह राव ने जन्माष्टमी, गोपाष्टमी और शहर में होने वाले विभिन्न धार्मिक गतिविधियों से जनमानस पर पड़ने वाले अनुकूल प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा जगदलपुर शहर धर्मनगरी के रूप में विकसित हो रही है।

## पेज 9 के शेष

### पुलिया से गिरी...

और किसी को जानकारी नहीं मिलने पर सही समय पर ईलाज नहीं मिल पाने के कारण दोनो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक कमलेश के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बस चालक की...

सड़क खराब है, धीरे बस चलाए, परंतु टाइमिंग के चलते बस चालक खराब सड़क पर भी बस को तेज गति से चला रहा था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जादूटोना की बात...

के इस तरह के व्यवहार से हम लोग बहुत परेशान रहते है और सदैव डर भी बना रहता है कि कहीं शराब के नशे में हम लोगों के साथ कोई अनहोनी न कर दें। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी देवर के खिलाफ धारा 115, 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### आडिटोरियम जावंगा में सर्वसंघ समाज का होगा गठन

**गीदम।** एजुकेशन सिटी जावंगा के आडिटोरियम में 11 नवम्बर को सर्वसंघ समाज का गठन किया जायेगा। उक्त जानकारी देते वरिष्ठ नेता बोमड़ा कोवासी ने कहा कि लम्बे समय से एक अलग मंच की



आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सभी वर्गों को एक मंच में लाने की उनके इस विचार का क्षेत्र के लोगों ने भरपूर समर्थन दिया और इसी बात से उत्साहित होकर सर्वसंघ समाज की स्थापना होगी। इस मंच में अनेक मुद्दे बगैर विवाद के हल होंगे। सभी वर्ग का प्रतिनिधित्व होगा और सभी को समानता से देखा जायेगा। यह विशुद्ध रुप से राजनीति से परे यह मंच क्षेत्र विकास में अग्रणी भूमिका निभाएगा और मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि सर्व समाज संघ गठन का प्रमुख उद्देश्य बस्तर में निवासरत सभी जाति, धर्म, समुदाय में सामाजिक समरसता व मैत्री भाव की स्थापना, सर्व समाज संघ के गठन से बस्तर के नागरिकों को सामाजिक न्याय प्रदान करना व उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना, सर्व समाज संघ के योगदान से बस्तरिया संस्कृति व हितों को संरक्षित रखते हुए पर्यटन, शिक्षा, व्यवसाय के क्षेत्र में विश्व मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलवाना, सर्व समाज संघ के सहयोग से बस्तर को आध्यात्मिक एवं शांति के क्षेत्र के रूप में स्थापित करना होगा।

### बिजली विभाग के अफसर ने कराया न्यौता भोज



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्यौता भोज का आयोजन कलेक्टर संबित मिश्रा के मागदर्शन में जिले के अधिकारी द्वारा विभिन्न स्कूलों में किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यपालन अभियंता छगराविविक बीजापुर डीआर उर्वासा द्वारा भैरमगढ़ ब्लाक के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला केतुलनार पहुंचकर केला, सेवफल, संतरा एवं चाकलेट वितरण कराया और बच्चों के साथ बैठकर न्यौता भोजन में शामिल हुए। इस दौरान बच्चों में उत्साह देखने को मिला स्कूली बच्चे अपने पढ़ाई सहित विषयों पर अधिकारी से चर्चा भी किए। वहीं कार्यपालन अभियंता उर्वसा ने बताया कि बच्चों के साथ बैठकर भोजन करने और उनसे बात-चीत करने का अच्छा अनुभव भी मिला।

## निधन

### आशा जैन

**जगदलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी विनोद कुमार जैन की धर्मपत्नी श्रीमती आशा जैन का



निधन 10 नवम्बर की प्रातः 4 बजे हो गया। वह अविनाश जैन सीए, अभिताभ जैन, अभिषेक जैन की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4:30 बजे निज निवास बिनाका मॉल के सामने से निकली जिसमें समाज के लोग व शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल थे।

## बाबा रामदेव मंदिर में गोपाल अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया

# गौ माता की पूजा कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर में गोपाल अष्टमी पर्व पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में गौ माता की पूजा करने के साथ-साथ भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

गोपाल अष्टमी हिंदू धर्म के एक महत्वपूर्ण पर्वों में से एक है, जिसे

■ मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें

विशेष रूप से भगवान कृष्ण के बाल रूप में उनकी गायों के साथ खेलने और उनकी पूजा का प्रतीक माना जाता है। मंदिर में आयोजित पूजा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय भक्तों ने हिस्सा लिया।

विशेष रूप से गौ माता की पूजा कर उन्हें ताजे फूल, पकवान और अन्य सामग्रियों से उनका सम्मान किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया। गोपाल अष्टमी के दिन गौ माता की पूजा का विशेष महत्व है, क्योंकि भारतीय संस्कृति में गाय को मां के समान माना जाता है। गोपाल अष्टमी के दिन गौ माता की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि और पुण्य की प्राप्ति होती है, इस मान्यता को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। मंदिर के पुजारी बंजरग दास ने बताया कि इस दिन विशेष रूप से गौ माता का पूजन करना और उनके सामने प्रणाम करना, व्यक्ति के जीवन से सभी कष्टों को दूर करता है।

इस आयोजन में गीदम नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी भक्तों ने पूजा में भाग लिया और कृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। समारोह का समापन भक्तों के बीच प्रसाद वितरण और गौ माता के आगे आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ हुआ।

## लंबित मांगों की अनदेखी से नाराज नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मी 19 से करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी 19 नवंबर से जिला स्तरीय बेमियादी हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष देवी शंकर सैनी ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि उन्हें लोक निर्माण, पीएचई और वन विभाग की तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन भुगतान किया जाए। जिला अध्यक्ष देवी शंकर सैनी ने कहा कि कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों की अनदेखी से नाराज होकर यह आंदोलन शुरू करने का फैसला लिया है। कर्मचारियों का कहना है कि ठेका प्रथा समाप्त कर उन्हें नियमित किया जाए और उनके बैंक खातों में सीधे वेतन भुगतान किया जाए, जैसा अन्य विभागों में किया जा रहा है। इसके अलावा वे सम्मान राशि के रूप में 4000 रुपये की राशि भी मांग रहे हैं, जो अन्य विभागों के कर्मचारियों को दी जा रही है, लेकिन नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों को यह राशि नहीं मिल रही है।



■ नगरीय निकायों में प्लेसमेंट और ठेका प्रथा को तत्काल बंद किया जाए : देवी शंकर

महासंघ के दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष देवी शंकर सैनी ने बताया कि हमने कई बार ज्ञापनों के माध्यम से शासन को अपनी मांगों से अवगत कराया है, लेकिन हमारी आवाज हमेशा अनसुनी की गई है। हमारी प्रमुख मांग है कि नगरीय निकायों में प्लेसमेंट और ठेका प्रथा को तत्काल बंद किया जाए और कर्मचारियों को निकायों में 5 से 10 साल की सेवा के बाद समायोजित किया जाए। इसके अलावा हम चाहते हैं कि 13 मार्च 2024 को गठित बारिक समिति में महासंघ के पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि हमने शासन से कई बार हमारी मांगों पर ध्यान देने की अपील की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इसलिए हम 19 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय ले रहे हैं।

## आगामी दिनों में बस्तर की होगी अलग पहचान : गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




बदलते हालातों को देखते हुए बस्तर संभाग आने वाले दिनों में एक नई पहचान के साथ देश के मानचित्र में उभर कर आयेगा। सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते बस्तर में शांत फिंजा से जहां आम जनजीवन में नई क्रांति आयेगी तो सामाजिक स्तर पर भी विभिन्न माध्यमों से माहेश्वरी समाज नई पहचान बनायेगा। उक्त बातें बस्तर जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र गांधी ने आयोजित बैठक के दौरान कही।

बस्तर जिला माहेश्वरी सभा की तृतीय कार्यकारिणी बैठक बीजापुर माहेश्वरी समाज के आतिथ्य में शनिवार को न मंच न सदन न माइक (राजस्थानी) मारवाड़ी रीति रिवाज के तहत जाजम में बैठकर संपन्न हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गोविंद इंनानी, प्रदेश सभा के संगठन मंत्री गजेंद्र चांडक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन माहेश्वरी, भंवर लाल केला एवं बस्तर के जगदलपुर गीदम दंतेवाड़ा बचेली छिंदगढ सुकमा संगठनों के अध्यक्ष सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य के साथ बस्तर जिला सभा के पदाधिकारी धनराज चांडक, जगदीश माहेश्वरी, अशोक राठी, पुखराज राठी, लीलाधर राठी सहित समाज बंधु उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की रूपरेखा बस्तर जिला सभा के संयुक्त मंत्री पुखराज राठी ने की थी आभार एवम समापन की घोषणा बस्तर जिला सभा के प्रसार प्रचार मंत्री लीलाधर राठी ने की।

### तीर्थ यात्रा के लिए बनी रणनीति

बीजापुर में आयोजित बैठक के दौरान आगामी होने वाले कार्यों की कार्य योजना बनाई गई, जिसमें तीर्थ यात्रा नेपाल एवं प्रयागराज के लिये सहमति बनी, जिनके संयोजक धनराज चांडक, लीलाधर राठी, गोविंद ईनाणी को बनाया गया जो आगामी दिनों में रूपरेखा तय कर योजना बनायेंगे। इस दौरान धार्मिक कार्यक्रम हेतु चर्चा की गई जिसमें जगदलपुर समाज के आतिथ्य मे शिवरात्रि के समय होने वाले आयोजन की मेजबानी करने हेतु चर्चा की गई। बैठक के दौरान बस्तर में निवासरत माहेश्वरी समाज के प्रत्येक घर में नेम प्लेट लगाई जायेगी जिनके संयोजक गजेंद्र चांडक, अनिल केला होंगे। वही इस दौरान बस्तर में विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन रखने का प्रस्ताव भी आया जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त की। आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश सभा की बैठक सुकमा के आतिथ्य में रखना तय हुआ और तोंगपाल व बीजापुर में बन रहे सामाजिक भवनों की चर्चा हुई जिसमें तोंगपाल भवन में कुछ बाधा उत्पन्न हुई है उसकी भी चर्चा की गई।

### अंतरजातिय विवाह पर हुआ चिंतन

बस्तर जिला सभा की तीन बैठक हुई इन 3 मिटिंगो में लगातार कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित नहीं हो पाए ,उनसे पत्र व्यवहार करने की चर्चा हुई। समाज के लोगों के द्वारा कुछ और सुझाव आए जिसमें अंतरजातिय विवाह एवं भाटो (जागाजी) द्वारा बही में नाम नहीं लिखना के बारे में चर्चा की गई जिसको प्रदेश सभा में रखा जाएगा।

बीजापुर माहेश्वरी समाज के द्वारा बहुत ही शानदार बस्तर जिला सभा के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और बहुत ही शानदार व पूरी राजस्थानी रीति-रिवाज के तहत जमीन पर बैठाकर थाली में भोजन व्यवस्था और पूरी बैठक बहुत ही शालीनता से सम्पन्न हुई। उसके लिए बीजापुर माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष मदन लाल राठी सचिव नरेश राठी एवं पूरे माहेश्वरी समाज बीजापुर, युवा साथी, बालिका मंडल का धन्यवाद दिया गया।

### बस्तर के विकास में समाज का विशेष सहयोग

प्रादेशिक सभा के संगठन मंत्री गजेंद्र चांडक ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोन्टा से कांकेर व भोपालपटनम से नारायणपुर तक सैकड़ो माहेश्वरी परिवार विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवा दे रहा है। वर्तमान में चाहे चैंबर की बाते हो या फिर राजनीति की या फिर व्यापार की। सभी क्षेत्रों में समाज अग्रणी भूमिका निभा रहा है। श्री चांडक ने कहा आने वाले दिनों मे बस्तर की पहचान नक्सलवाद नहीं बल्कि व्यपारिक व पर्यटन के रूप में पहचाना जावेगा।

## विधायक ने किया साइकिल वितरण...




**किलेपाल।** सरस्वती शिशु साईकिल योजना के तहत विकासखण्ड स्तरीय 150 छात्राओं को साईकिल वितरण विधायक विनायक गोयल ने किया। इस दौरान बास्तानार मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर, बलदेव मांडवी, जिलामंत्री भाजपा मालती मंडावी, रंगबती कश्यप, जनपद अध्यक्ष श्यामवती ठाकुर, विमल पाण्डे कोसा राम पोयाम अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गौ माता को छप्पन भोग लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परचनपाल



गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोपाष्टमी का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कुरंदी स्थित गौ शाला पर गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर एकल अभियान द्वारा 108 अखंड हनुमान चालीसा का पाठ किया गया साथ ही गौ माता पूजन, अन्नकूट व गौ माता को छप्पन भोग लगाया गया। जिसमें जगदलपुर नगर व आसपास के सैकड़ों गौ भक्तों द्वारा कुरंदी स्थित गौ शाला पहुंचकर गौ माता को छप्पन भोग खिलाया व गौ सेवा, तुलादान, अखंड हनुमान चालिसा का पाठ कर पुण्य लाभ ग्रहण किया। निरंतर गौ शाला में सहयोग करने वाले सहयोगियों को गौ शाला ने सम्मानित किया।

## जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक में एनएसएस छिंदबहार ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




विकासखण्ड दरभा अंतर्गत चिंगपाल में जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2024 के तीसरे दिवस पर चिंगपाल हायर सेकेण्डरी स्कूल के मैदान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार ने खेल मैदान में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वयं सेवक लगातार प्रथम दिवस से अपना सेवा बस्तर ओलंपिक में खेल के दौरान चोट लगे खिलाड़ियों को स्वास्थ्य सुविधा तक ले जाना, खिलाड़ियों को पानी पिलाने आदि का कार्य प्रथम दिवस से लगातार अपनी सेवा दे रहे हैं। आज इस अवसर पर जनपद सीईओ दरभा केसरी लाल फाफा, संभाग खेल अधिकारी डेकाडे, जिला खेल अधिकारी सोनी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद मरावी, सहायक मनोहर सिंह बरनाला, बुधराम कश्यप, तुलादास मानिकपुरी, नोहर सिंह सलाम, रजनी वर्मा, सीमा कटाने, एनएसएस वॉलिंटियर्स तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बेसोली व तुरपुरा जोन के 1599 प्रतिभागियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर संभाग में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेलों के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास है। ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री खेल

■ बस्तर ओलंपिक में विभिन्न खेलों का हो रहा आयोजन

मैदान में दूसरे दिन शनिवार को बेसोली जोन व तुरपुरा जोन के मध्य विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। बेसोली जोन से 950 एवं तुरपुरा जोन से 649 लोगों ने विभिन्न खेलों में भाग लिए। बस्तर ओलंपिक में ग्रामीण महिलाओं में उत्साह पूर्वक कबड्डी, रस्साखींच सहित अन्य प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। वहीं युवाओं में खेल के प्रति उत्साह देखा जा रहा है।जिसमें दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी खोखो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, हॉकी, वेट लिफ्टिंग, गोला फेक,भाला फेंक,रस्सा खींच सहित अन्य खेलों में उत्साह पूर्वक भाग लेकर खेल रहे हैं। पंजीयन स्थल पर चोटिल खिलाड़ियों को मेडिकल स्टाफ पट्टी बांधकर सेवा दे रहे हैं। जिसका निरीक्षण बस्तर जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र ने किया। बस्तर ओलंपिक में दूर-दूर गांव से ग्रामीण व स्कूली बच्चों के भोजन व्यवस्था मंडल संयोजक बस्तर के द्वारा व्यवस्था की देखरेख किया जा रहा है पांच दिवसीय प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो जिसको लेकर जनपद सीईओ लगातार खेल मैदान में समस्याओं से अवगत होकर तुरंत निराकरण कर रहे हैं। कार्यक्रम में एसडीएम एआर राणा, बीईओ लोकनाथ नाग, एबीईओ सुशील तिवारी, बीआरसी राजेंद्र सिंह ठाकुर सहित संकुल समन्वयक पीटीआई छात्रावास अधीक्षक सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं भृत्य खेल आयोजन में लगे हैं।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# नियमित समय पर नहीं खुल रही उचित मूल्य की दुकान, हितग्राही हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

## खेती किसानी का काम छोड़कर जाते हैं, लेकिन बंद रहती है

विकासखण्ड कांकेर अंतर्गत पंचायत डोमाहर्रा में उचित मूल्य की दुकान समय पर नहीं खुलने से हितग्राहियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सप्ताह में सिर्फ दो दिन खुलने वाली इस उचित मूल्य की दुकान पर 9 नवंबर की सुबह साढ़े 11 बजे तक ताला लटक रहा था। दुकान के बहार हितग्राहियों का जामावाड़ा लगा था। सभी दुकान खलने का इंतजार करने नजर आए।

■ सप्ताह में सिर्फ दो दिन खुलती है दुकान

मिली जानकारी के अनुसार उचित मूल्य की दुकान डोमाहर्रा में डोमाहर्रा के के हितग्राहियों के अलावा कोटगांव नीचे, कोटगांव उपर व पहाड़ी पर स्थित ग्राम कमकाकुडुम के हितग्राहि राशन लेने आते हैं। राशन लेने का दिन शनिवार व गुरुवार निर्धारित है। दुकान के खुलने का समय 9 बजे सूचना बोर्ड पर लिखा हुआ है, लेकीन यह राशन दुकान समय पर नहीं खुलती है, जिससे हितग्राहियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस उचित मूल्य की दुकान से राशन लेने वाले हितग्राही बलीराम नाग, सैलेश दर्रो, गाड़ाराम ने बताया की कभी-कभी ही समय पर दुकान खुलता है। आमतौर पर एक समय पर दुकान नही खुलने से राशन लेने दुकान खुलने का इंतजार करना पड़ता है। विक्रेता राजकुमार गावड़े कोटगांव से आते हैं। रमशिला कड़ीयाम, मानबती यादव, पार्वती यादव, सरस्वती विश्वकर्मा ने बताया अभी खेती किसानी का समय है। राशन लेकर खेती काम करने भी जाना है, लेकिन यहां तो अभी तक राशन दुकान ही नहीं खुला है।

### आ रहा था, गाडी पंचर हो गई

विक्रेता राजकुमार गावड़े से मोबाइल पर सम्पर्क करने से बताया की कोरर में रहता हूं। आ रहा था तो गाड़ी पंचर हो गई थी, इसलिए समय पर नहीं पहुंच पाया।



## निर्णय : ग्रामीणों ने कैंप निगरानी के लिए बनाई समिति

# एसडीओपी के आश्वासन के बाद 60 घंटे से धरने पर बैठै ग्रामीणों ने खत्म किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के जाड़ेकुर्से के सीएएफ कैंप को यथावत रखने की मांग को लेकर 60 घंटे दिन रात धरना प्रदर्शन ग्रामीणों ने किया। ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन के चलते भानुप्रतापपुर एसडीओपी प्रशांत पैकरा जाड़ेकुर्से पहुंचे और कैंप नहीं हटाने का आश्वासन दिया। एसडीओपी के आश्वासन बाद जाड़ेकुर्से के ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

■ वाहनों के नहीं हटने पर फिर से शुरू किया था धरना

जाड़ेकुर्से में पहले बीएसएफ कैंप की स्थापना किया गया था, फिर कुछ वर्ष बाद बीएसएफ जवानों की वापसी हुई, तो सुरक्षा के लिहाज से शासन ने सीएएफ जवानों की तैनाती किया। सीएएफ की वापसी को लेकर 8 नवंबर को वाहन जाड़कुर्से पहुँचने लगे, इसकी खबर ग्रामीणों को लगी। ग्रामीण एकजुट हुए और सुरक्षा के लिए कैंप को यथावत रखने के लिए 8 नवंबर से दिन रात धरना प्रदर्शन शुरू किए। विधायक ने आश्वासन दिया और धरना खत्म किया, परंतु वाहन नहीं हटे। ग्रामीण फिर से धरने पर बैठ गए और शासन प्रशासन से ठोस आश्वासन नहीं मिलने पर गांव के महिला पुरूष दिन रात धरना स्थल पर डटे रहे। भानुप्रतापपुर एसडीओपी प्रशांत पैकरा 10 नवंबर को जाड़ेकुर्से पहुंचे और सीएएफ कैंप नहीं हटाने की आश्वासन ग्रामीणों को दिया। एसडीओपी भानुप्रतापपुर के आश्वासन के बाद जाड़ेकुर्से के ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया है।



### 60 घंटे बाद समाप्त हुआ धरना प्रदर्शन

ग्राम पंचायत जाड़ेकुर्से के सरपंच शांतिलाल जाड़े ने बताया कि कैंप हटने से गांव के लोगों के लिए खतरा होने और अशांति के माहौल निर्मित होते देख पूरे गांव भर के ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन किए एसडीओपी भानुप्रतापपुर जाड़ेकुर्से पहुंचकर ग्रामीणों से कैंप नहीं हटाने का आश्वासन दिया। एसडीओपी की आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।


### ग्रामीणों ने बनाई समिति

ग्रामीणों ने कैंप ना हटे, इसकी निगरानी के लिए जाड़ेकुर्से में समिति का गठन किया है। समिति कैंप की निगरानी करेगी, क्योकि ग्रामीणों को डर है कि पुलिस प्रशासन रातोंरात कैंप के जवानों की वापसी ना कर दे।

# कांग्रेसी नगर विकास में बने हुए हैं बाधक असली चेहरा होगा उजागर : प्यारेलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

नगर चारामा के विकास के लिए छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री द्वारा नगर चारामा के चहूंमुखी विकास के लिए करोड़ों रुपए की सौगात दी गई। जिस तरह नगर के चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण ,नगर के मुख्य मार्गो में डामरीकरण , नगर में तालाबों का सौंदर्यीकरण , नगर के चौक व अंधेरे क्षेत्रों में रोशनी के लिए हाई मास्ट लाइट की रौशनी से नगर को उजाला किया जा रहा है जिसे देखकर कांग्रेस के विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष व उनके पार्षद बौखला गए हैं। उन्हें नगर विकास रास नहीं आ रही हैं सामने चुनाव को देखते हुए अनर्गल बयानबाजी के साथ नगर विकास में बाधक बन रहे हैं। उक्त बातें नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने कहीं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि विधायक के द्वारा नगर के विकास के लिए कोई भी सहयोग नहीं मिला, जबकि क्षेत्र के विधायक और नगर में ही निवास होने के नाते नगर विकास में बाधक बनना नगरवासियों को समझ नहीं आ रहा है। कांग्रेस सरकार में जिस तरह से मुझे काम करने नही दिया गया, मुझे मानसिक रूप से परेशान किया गया, काग्रेस सरकार में रहते जिस विषय में जांच हो चुकी थी, उसे दोबारा जांच कराना पड़ा। मुझे बदनाम करने तरह तरह के हथकंडे अपनाए गए लेकिन खोदा पहाड़ और निकली चुहिया वाली कहावत सिद्ध हुआ। कांग्रेस की पिछली सरकार में भानुप्रतापपुर विधानसभा में करोड़ों रुपयों की बंदरबाट कर कांग्रेस के लोगों को लाभ पहुंचाने के नियत से कई भ्रष्टाचार किए गए हैं जैसे कि शिक्षा विभाग में स्कूल मरम्मत के नाम से कई लाखों का फर्जी भुगतान करना, सोलर लाइट घोटाला, डीएमएफ में करोड़ों रुपयों के घोटाले, रेत खदानों में कांग्रेसी नेताओं का मिली भगत, जिसमें विधायक प्रतिनिधि भी शामिल रहे हैं। नगर के बेशकीमती जमीन पर पूर्व विधायक के संरक्षण में अवैध कब्जा कर बिना एनओसी और परमीशन के महल बनाने वालो को सोचना पड़ेगा। कांग्रेस के लोग अनर्गल बयानबाजी बंद करे, नहीं तो कही मुंह छिपाने लायक भी नहीं रहेंगे। यह लोग मुझ पर आरोप नही, मेरे नगर के लोगो पर आरोप लगा रहे, जिन्होंने हमें विश्वास कर नगर विकास हेतु चुना । आने वाले कुछ दिनों में नगर का चुनाव होना है।



## खबर संक्षेप



### लहसून 450 तो प्याज 80 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** शहर के संजय बाजार में लहसून, प्याज के दाम बढ़ने से लोग परेशान हैं जहां 20 रुपए बिकने वाला प्याज 80 रुपए तो 90 से 100 रुपए किलो बिकने वाला लहसून 400 से 450 रुपए किलो में बिका। लहसून, प्याज के साथ अन्य सब्जियों के भाव बढ़ने से रसोई का बजट प्रभावित हो रहा है। बाजार में रविवार को भट्टा 30, बरबटी 40, करेला 40, आलू 40, अदरक 200, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30 रुपए किलो और लालभाजी 20 रुपए में 12, पालकभाजी 20 रुपए में 17 जूड़ी बिका।

### भाजपा सरकार में बेटियां असुरक्षित : खम्बारी

**जगदलपुर।** बस्तर जिला एनएसयूआई शहर जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी ने सुकमा जिले की एकलव्य आदिवासी बालिका छात्रावास में रह रही एक 12वीं कक्षा की छात्रा के गर्भवती होने की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इस घटना ने प्रदेश में बालिकाओं की सुरक्षा और छात्रावासों में उचित निगरानी की गंभीर स्थिति को उजागर किया है। मेडिकल जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि छात्रावासों में बालिकाओं के लिए सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने में सरकार पूरी तरह विफल रही है।

### एनएसएस ने की स्कूल परिसर की सफाई




**जगदलपुर।** रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विद्यालय परिसर में स्वच्छता और मरम्मत अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्कूल परिसर को सुरक्षित और स्वच्छ बनाना था। इस अवसर पर बाउंड्री दीवार की मरम्मत की गई, शौचालय की सुरक्षा दीवार को सुधारा गया, और परिसर में अवांछित पौधों को हटाकर साफ-सफाई की गई। इसके अतिरिक्त, स्कूल के गड्ढों की भी मरम्मत कर उन्हें समतल किया गया, जिससे विद्यार्थियों और स्टाफ को बेहतर सुविधा मिल सके। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में एनएसएस दलनायक रामेश्वर कश्यप, संतोष ठाकुर, हरेश कश्यप, खेमराज बघेल, जदुराम कश्यप, लखीराम मौर्य, अभय सेठिया, सोनारू नाग, फूलसिंह नाग, तिलक नाग, रुकनाथ कश्यप, तुलसी कश्यप, दीपिका बघेल, संध्या सेठिया, अथीना कश्यप, अंजली मौर्य, हिना बघेल, कल्पना भारती, अनीता कश्यप, मोहिनी बघेल सहित कई अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे। सभी ने मिलकर परिसर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने में योगदान दिया। सभी ने स्कूल परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया, जिससे बच्चों को एक बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके।

# भाजपा मंडल धनेलीकन्हार में हुई कार्यशाला बूथ सहयोगी और सह सहयोगी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार






भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार की संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन पिछड़ा वर्ग भवन में हुआ।

कार्यशाला में मंडल संगठन पर्व सहयोगी नंदकुमार ओझा ने कहा की इस मंडल में 41 बूथ है व सात शक्ति केन्द्र है। सातों शक्ति केंद्र में 14 नवंबर तक बैठक करनी है। बूथ में स्थानिय समिति के चुनाव सम्पादित कराने के लिए बूथ सहयोगी व सह सहयोगी की नियुक्ति करनी है। इस नियुक्ति में सहयोगी दूसरे बूथ से बनाना है। 15 नवंबर से 17 दिसंबर तक बूथ स्तर पर चुनाव कराकर स्थानीय समिति का गठन करनी है। आम सहमति से ही चुनाव कराने पर बल देते हुए कहा की आम सहमति न बन पाने पर ही वोटिंग से चुनाव कराया जाएगा। शक्ति केन्द्र सहयोगी व सह सहयोगी की घोषणा किया गया, जिसमें सहयोगी ढाकेश साहू, सह सहयोगी रमेश साहू, शक्ति केन्द्र कोदागांव से सहयोगी लोकेश्वर सेन, सह सहयोगी दिलीप सिंह राजपुत, शक्ति केन्द्र तालाकुर्रा से सहयोगी अब्दुल खलील खान, सह सहयोगी अमर सिंग बढ़ई, शक्ति केन्द्र से तेलावट सहयोगी किरण दर्रो, सह सहयोगी नम्मुराम खरे, शक्ति केन्द्र से धनतुलसी सहयोगी तीलक नाग, सह सहयोगी अशोक कचलाम, शक्ति केन्द्र से डोमाहर्रा सहयोगी हेमलाल गढीया, सह सहयोगी अजय पटेल, शक्ति केन्द्र पिढ़ापाल से सहयोगी सितम्बर कावड़े, सह सहयोगी अनिल नाग बनाए गए।

बैठक में मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक, महामंत्री लोकेश्वर सेन, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोतीराम नाग, माखन मंडावी, अब्दुल खलील खान, कृष्णा साहू, राजकुमार कांगे, खेमन साहू, महादेव कौशिक, दिलीप सिंह राजपुत, विश्वनाथ मंडावी, मनोज भुसाखरे, चमन यादव, सालिक राम कुलदीप, व्यास साहू, सानु साहू, गजानंद खरे, शिव प्रसाद तेता, नितेश सलाम, अंकित टावरी, हेमलाल गढीया, किरण दर्रो, गुरुदेव सलाम, निर्मल यादव, देवेन्द्र साहू, अन्ना साहू, देवेन्द्र कुमार यदु, अजय पटेल, अखिलेश मिश्रा, मनोज नेताम, दयाराम आरदे, भुजबल तारम, हेमंत कुमार साहु, अमित कुमार साहू, आत्मा राम साहू, किशोर ठाकुर, किशोर मंडावी, गुलाब साहू, विनोद रावटे उपस्थित रहें।

# रासेयो के स्वयंसेवकों ने मोहल्ले और आसपास की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के रासेयो इकाई का 6 नवम्बर से ग्राम चवेला में 7 दिवसीय विशेष शिविर चल रहा है। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा गांव के गली-मोहल्ले व नल के आसपास साफ-सफाई कर रहे है। शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक चर्चा में भानुप्रतापपुर उप वन मण्डलाधिकारी और सेवानिवृत्त कृषि उप संचालक उपस्थित रहे।

उप वन मण्डलाधिकारी ईश्वर गेन्द्रे ने स्वयंसेवको को एनएसएस के कर्तव्यों और उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि एनएसएस स्वयं सेवकों का दायित्व है कि वे समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं की पहचान कर उन्हें समाधान की प्रक्रिया में शामिल करें। स्वयंसेवी अपने सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी को विकसित करें। स्वयंसेवियों को वन्य जीव जंतुओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमें वन्य जीवों की रक्षा करना चाहिए। जब तक हम किसी भी वन्य जीव को नुकसान नहीं पहुचाएंगे तब तक वे भी मानव का नुकसान नहीं करेगा। वन्य जीव जंतु रहेगा तभी हमारा पर्यावरण भी सन्तुलित रहेगा। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी नंदिनी ध्रुव, सहायक कार्यक्रम अधिकारी योगेश यादव सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक-सेविकाएं उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में हुई जांच

शिविर के तीसरे दिन शिविर स्थल पर भानुप्रतापपुर स्वस्थ केंद्र के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें स्वयंसेवियों एवं ग्रामीणों का निःशुल्क जांच करके दवाई दी गई। तीसरे दिन की बौद्धिक चर्चा में कांकेर मेडिकल कॉलेज के डॉ. योगिता जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। स्वयंसेवियों को मलेरिया, शुगर, बबासीर आदि रोगों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एनएसएस जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिभाओं के धन को इकट्ठा करने के लिए जिम्मेदार है, जो छात्रों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ सामुदायिक विकास में भी बदलाव लाता है।

### अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में कृषि का बड़ा योगदान

सेवानिवृत्त कृषि उप संचालक नरेन्द्र कुमार नागेश ने कृषि के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज देश के अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सबसे बड़ा योगदान कृषि का है। अगर हम आधुनिक तकनीक के साथ खेती किसानी करेंगे तो अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने नील की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उप वन मण्डलाधिकारी एवं स्वयंसेवको द्वारा प्राथमिक शाला चवेला परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया।

## पेंशनधारियों के दीपावली मिलन में शामिल हुए विधायक गोयल

**जगदलपुरप।** धरमपुरा स्थित मुरिया सदन में रविवार को छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा पेंशनर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्यों का आशीर्वाद प्राप्त कर उनका सम्मान किया।दीपावली मिलन समारोह में विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त वरिष्ठजन और बुद्धिजीवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## बाबा झाड़ेश्वर मंदिर समिति का हुआ गठन

**जगदलपुर।** शहर के अघनपुर स्थित बाबा झाड़ेश्वर मंदिर समिति का रविवार को जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में गठन किया गया। गठन के बाद समिति में 31 लोगो की नियुक्ति की गई। जिसमें पदेन अध्यक्ष के रूप में गुरु गोविंद सिंह वार्ड एवं छत्रपति शिवाजी वार्ड के पार्षद रहेंगे। समिति में सुषमा कश्यप, बलराम यादव, संग्राम सिंह राणा, फुलेश्वरी कराई, बलिराम कश्यप, रामदास,लखेर सिंह,अविनाश सिंह गौतम,सुरेश कश्यप, बंटू पांडेय, रोहित बैस,मशुराम,उषा गुप्ता, वृंदा बघेल,गोपाल पटेल, गणेश गुप्ता, लक्ष्मी नाथ,जयंती बघेल, साधु बघेल, सिद्धार्थ बैस,मनोज सिंह राठौड़, संतोष नाग, श्याम सुंदर बघेल, राहुल गुप्ता, संत प्रसाद पाढ़ी,संजय देवांगन, यशवर्धन बिसेन,रमा वर्मा,अनीता गुरला, कल्पना सिंह, उमा चरण पंडा नियुक्त किए गए ।



## चारामा के साल्हेटोला में कल होगी डीजे डांस स्पर्धा

**चारामा।** विकासखंड चारामा अंतर्गत ग्राम साल्हेटोला में देवउठनी एकादशी पर्व पर उज्जवल युवा मंडल द्वारा एक दिवसीय राज्य स्तरीय रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 12 नवंबर को किया जाएगा। स्पर्धा में सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 10,001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए, पंचम पुरस्कार 2001 रुपए और युगल डांस में पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2001 रूपएं, तृतीय पुरूस्कार 1501 रूपएं, चतुर्थ पुरूस्कार 1001 रुपएं और एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2001 रूपएं, द्वितीय पुरूस्कार 1501 रूपएं, तृतीय पुरूस्कार 1001 रूपएं एवं चतुर्थ पुरूस्कार 701 रुपएं प्रदान किया जाएगा।

# दुधावा में 15 को होगी गोर्वधन पूजा एवं यादव शौर्य नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

जिला यादव समाज के तत्वावधान जिला स्तरीय गोर्वधन पूजा एवं यादव शौर्य नृत्य 15 नवंबर शुक्रवार को कलमीपारा दुधावा में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी और बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा।

यादव समाज के द्वारा शुक्रवार को प्रातः 10 बजे शोभा यात्रा, मंगल कलश यात्रा एवं यादव शौर्य नृत्य एवं शीतला माता देवी, देवता डांग डोली सहित यादव समाज के द्वारा शीतला मंदिर से श्री कृष्ण मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात शोभा यात्रा कृष्ण मंदिर से वापिस कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी जहां गोर्वधन पूजा एवं यादव शौर्य नृत्य की कार्यक्रम होगा। राउत नाचा में प्रथम स्थान को 5001 रूपएं, दूसरे स्थान को 4001 रूपएं और तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 3001 रूपएं से पुरूस्कृत किया जाएगा। कृष्ण सजाओं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रथम स्थान अर्जित करने पर 701 रूपएं, दूसरे स्थान पर 501 रूपएं और तीसरे स्थान अर्जित करने वाले को 301 रूपएं से पुरूस्कृत किया जाएगा। कलश सजाओं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रथम स्थान अर्जित करने वाले को 701 रूपएं, दूसरे स्थान अर्जित करने वाले को 501 रूपएं और तीसरे स्थान अर्जित करने वाले को 301 रूपएं से पुरूस्कृत किया जाएगा

यादव समाज द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि शोभा यात्रा में सम्मिलित राउत नाचा टीम एवं कृष्ण राधा सजे प्रतिभागी और कलश सजाओं प्रतिभागी को प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा, वहीं प्रत्येक मंडलियों को समाज के द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में जिला यादव समाज के पदाधिकारियों एवं यादव समाज के लोग जुटे हुए हैं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज



By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवतटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
14 नवंबर 2024
22 दिसंबर 2024
20 जनवरी 2025
23 फरवरी 2025
27 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
दार्जिलिंग गैंगटोक

4 रात व 5 दिन
Ex न्यू जलपाईगुड़ी
24 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024, 19 जनवरी से 23 जनवरी 2025
10 फरवरी से 14 फरवरी 2025, 25 मार्च से 29 मार्च 2025
14 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411